# चंदावली के शिविर में एकत्रित किया 37 यूनिट रक्त



अग्रवाल कॉलेज की ओर से हुआ आयोजन

■ **एनबीटी न्यूज, बल्लभगढ़ :** अग्रवाल कॉलेज की ओर से मंगलवार को चंदावली गांव की पंचायत वाटिका में रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यूथ रेडक्रॉस व एनएसएस की इकाइयों, फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया और डिवाइन चैरिटेबल ब्लड बैंक के सहयोग से यहां 97 लोगों ने जांच कराई। प्रिंसिपल डॉ.कृष्णकांत गुप्ता ने बताया कि रक्तदान शिविर में एकत्रित रक्त थैलेसीमिया से ग्रस्त बच्चों के जीवन को बचाने के काम आएगा। शिविर में 37 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। शिविर में फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के महासचिव रविंद्र डूडेजा, एनएसएस के कार्यक्रम प्रभारी डॉ.अशोक कुमार निराला, डॉ.शोभना गोयल, डॉ.सीमा मलिक, यूथ रेडक्रॉस कोऑर्डिनेटर डॉ.जयपाल सिंह, काउंसलर सुभाष कैलोरिया, लवकेश, महेंद्र भारद्वाज व सौरव गुप्ता आदि मौजूद रहे।